दिन– शुक्रवार दिनांक– 01/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

उत्तर बिहार के पांच प्रमंडलों कोसी, पूर्णिया, सारण, तिरहुत और दरभंगा के सभी जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू हो गयी है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि दक्षिण बिहार के चार प्रमंडलों में पन्द्रह नवम्बर से पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से धान की खरीद की जायेगी। धान खरीद की समय सीमा अगले वर्ष पन्द्रह फरवरी तक निर्धारित की गयी है। डॉक्टर कुमार ने बताया कि इस बार पैंतालीस लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित रैयत किसानों से अधिकतम दो सौ पचास क्विंटल और गैर रैयत किसानों से अधिकतम एक सौ क्विंटल धान की खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया कि धान क्रय करने के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि विभाग इस बार धान बेचने वाले किसानों को बोनस देने पर विचार कर रहा है।

———————————————————————

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में धान अधिप्राप्ति को लेकर सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री कुमार ने अधिकारियों को धान खरीद की प्रक्रिया सुगम बनाने, किसानों को तय समय सीमा के अंदर भुगतान सुनिश्चित करने और बिचौलियों पर नजर रखने के निर्देश दिये।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने नमो ड्रोन दीदी योजना के संचालन संबंधी दिशा निर्देश जारी किये है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के दिशा – निर्देशों के अनुसार योजना का संचालन केंद्रीय स्तर पर एक अधिकार प्राप्त समिति करेगी। इस समिति में कृषि और किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और उर्वरक विभाग के सचिव शामिल होंगे। ड्रोन की खरीदारी के लिए लागत का अस्सी प्रतिशत हिस्सा महिला स्वयं सेवा सहायता समूहों को दिया जाएगा। इस सहायता की अधिकतम राशि आठ लाख रूपये होगी। स्वयं सहायता समूहों के क्लस्टर स्तर के संगठन शेष राशि को राष्ट्रीय

कृषि अवसंरचना वित्तीय सुविधा के अंतर्गत ऋण के रूप में जुटाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूह के किसी एक सदस्य को ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही कृषि पोषक तत्वों और कीटनाशकों के उपयोग का अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उर्वरक विभाग राज्य सरकार के विभागों, ड्रोन उत्पादकों, स्वयं सहायता समूहों और किसानों के साथ समन्वय स्थापित करेगा।

---

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष इकतीस अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट जारी किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि विदेशी पर्यटकों के लिए तीन सौ पैंसठ दिन के अग्रिम आरक्षण के प्रावधान में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

---

राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। जनसुराज समेत अन्य राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशियों का भी प्रचार अभियान जारी है। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होना है।

---

दीपावली के बाद राजधानी पटना समेत प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है। नेशनल एयर क्वालिटी इंडेक्स के अनुसार आज मुजफ्फरपुर की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां का एक्यूआई तीन सौ अड़तालीस दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर का एक्यूआई तीन सौ बाईस और पटना का तीन सौ छह दर्ज किया गया। इसके अलावा, बेगूसराय का एक्यूआई दो सौ अट्ठावन, पूर्णिया का दो सौ पैंतालीस और सहरसा का दो सौ बत्तीस दर्ज किया गया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।